ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26


आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....

www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 21 | पाक्षिक | अजमेर, 16 अक्टूबर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

# पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे की किताब को मोदी सरकार की मंजूरी का इंतजार




**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी (Four Stars of Destiny: An Autobiography) का प्रकाशन अभी तक केंद्र सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। नरवणे ने लगभग एक साल पहले यह किताब लिखकर पब्लिशर्स को सौंप दी थी, लेकिन रक्षा मंत्रालय ने कुछ एंट्रीज पर आपत्ति जताते हुए इसकी समीक्षा शुरू की है। हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में नरवणे ने बताया कि पब्लिशर की जिम्मेदारी थी कि वे किताब के लिए रक्षा मंत्रालय से अनुमति लें। उन्होंने कहा, "मेरा काम किताब लिखकर पब्लिशर को सौंपना था। मंत्रालय किताब की समीक्षा कर रहा है। अब एक साल हो गया है। किताब की समीक्षा अभी भी चल रही है। जब रक्षा मंत्रालय को सही लगेगा, तब पब्लिकेशन की अनुमति दी जाएगी।" किताब में देश के कुछ संवेदनशील सैन्य अभियानों और उनके राजनीतिक घटनाक्रमों का उल्लेख है। इसमें 31 अगस्त 2020 की रात को नरवणे और तत्कालीन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई बातचीत का जिक्र है। उसी दिन चीनी सेना ने लद्दाख के रेचिन ला दर्रे से भारतीय सैनिकों पर हमला किया था। किताब में बताया गया कि राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सूचित किया, और मोदी ने निर्देश दिया कि "जो आपको ठीक लगे, वह करें।" नरवणे के कार्यकाल के दौरान जून 2022 में लागू अग्निवीर योजना का विवरण भी किताब में है। योजना के तहत भर्ती होने वाले 75 फीसदी युवाओं को सेवा में बनाए रखने का सेना का प्रस्ताव था, जिसे सरकार ने घटाकर 25 फीसदी कर दिया। शुरू में 20,000 रुपये की सैलरी देने का प्रावधान था, जिसे बाद में 30,000 रुपये कर दिया गया।

# शराब घोटाला मामला: दिल्ली हाई कोर्ट में ईडी को अंतिम चेतावनी, 10 नवंबर को अगली सुनवाई




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर बहस करने के लिए एजेंसी को अंतिम मौका दिया है। कोर्ट ने कहा कि अब मामले में कोई और देरी बर्दाश्त नहीं होगी। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने स्थगन की मांग की, क्योंकि वे उसी समय सुप्रीम कोर्ट में बहस कर रहे थे। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि ईडी पहले ही बिना किसी कारण के नौ बार स्थगन ले चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसी मामले को अनावश्यक रूप से लंबा खींच रही है। विक्रम चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में दायर जमानत याचिकाएं वापस ले ली गई हैं और सभी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। उन्होंने कहा, "अब इसमें कुछ बचा नहीं है। यह सिर्फ राजनीतिक फ़ायदा है।" केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2024 में उन्हें चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी, जो 1 जून 2024 तक वैध थी। 20 जून 2024 को राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत दी, लेकिन ईडी की अपील पर हाई कोर्ट ने इसे 25 जून 2024 को स्थगित कर दिया। जुलाई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को बड़ी बेंच को भेजते हुए अंतरिम जमानत बढ़ाई। अब 10 नवंबर की सुनवाई में अगर ईडी अपनी दलीलें प्रस्तुत नहीं कर पाती, तो दिल्ली हाई कोर्ट याचिका पर अंतिम फैसला ले सकता है।

# चिराग की दावेदारी पर नीतीश का विरोध, जेडीयू को मिली पांच सीटें





**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे का ऐलान हो चुका है। जेडीयू ने अपनी पहली सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम जारी किए हैं, जिसमें कम से कम पांच सीटें ऐसी हैं जिन पर केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान अपनी दावेदारी कर रहे थे। खबरों के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन पांच सीटों पर चिराग की दावेदारी से नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि ये सीटें जेडीयू के पास ही रहनी चाहिए। ये सीटें मोरवा, सोनबरसा, राजगीर, गायघाट और मटिहानी हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों पर आरजेडी ने मोरवा और गायघाट में जीत हासिल की थी, जबकि राजगीर और सोनबरसा पर जेडीयू के उम्मीदवार जीते थे। मटिहानी सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी के राजकुमार सिंह चुनाव जीते थे, लेकिन बाद में उन्होंने जेडीयू में शामिल हो गए थे।बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर 6 और 11 नवंबर को वोटिंग होगी और 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। सीट बंटवारे के मुताबिक बीजेपी और जेडीयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। जबकि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 29, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा 6-6 सीट पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। एनडीए में सीट बंटवारे से पहले बीजेपी के बड़े नेताओं धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े, नित्यानंद राय और दिलीप जायसवाल ने कई दिनों तक चिराग पासवान से बैठक कर उन्हें मना करने की कोशिश की थी। 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान को मनाने में बीजेपी असफल रही थी और उन्होंने एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था।

# तेजस्वी यादव ने राघोपुर से दाखिल किया पर्चा, दो सीटों से चुनाव लड़ने की अफवाह खारिज



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल कर दिया। पर्चा दाखिल करने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि राघोपुर की जनता ने लगातार दो बार उन पर भरोसा किया है और यह तीसरी बार है जब उन्होंने राघोपुर से अपना नामांकन दाखिल किया है। तेजस्वी यादव ने कहा, "हमें विश्वास है कि राघोपुर की जनता एक बार फिर हम पर भरोसा करेगी। हम सिर्फ़ सरकार नहीं बनाना चाहते, हम बिहार बनाना चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि अब बिहार भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त राज्य बनना चाहता है। उन्होंने दो सीटों से चुनाव लड़ने की अफवाहों को भी खारिज करते हुए कहा कि वे केवल राघोपुर से ही चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबरी देवी, सांसद मीसा भारती, संजय यादव सहित कई विधायक, विधान पार्षद और बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। तेजस्वी यादव 2015 से लगातार राघोपुर सीट से विधानसभा चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2015 में पहली बार राघोपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधायक बने। 2015-2017 में वे बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में वे फिर राघोपुर से विजयी हुए और राष्ट्रीय जनता दल के नेता के रूप में महागठबंधन का नेतृत्व किया। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज ने चंचल कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि एनडीए ने अभी तक राघोपुर से उम्मीदवार घोषित नहीं किया है, जिसके कारण एनडीए कार्यकर्ता एवं नेताओं में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। वहीं, जनता दल यूनाइटेड ने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। जदयू की सूची में हनौत से हरियाणा सिंह, नालंदा से श्रवण कुमार, मोकामा से अनंत सिंह, फुलवारी से श्याम रजक, हथुआ से रामसेवक सिंह, बेनीपुर से विनय कुमार चौधरी, हिलसा से प्रेम मुखिया, राजगीर से कौशल किशोर और विभूतिपुर से रवीना कुशवाहा के नाम शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ सरकार धर्मांतरण रोकने के लिए लाएगी कड़ा कानून, चंगाई सभाओं पर भी होगा प्रतिबंध



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार अगले विधानसभा सत्र में अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए नया अधिनियम पेश करेगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि यह कानून सभी राज्य-स्तरीय धर्मांतरण विरोधी कानूनों से एक कदम आगे होगा और इसमें 'चंगाई सभा' जैसी गतिविधियों पर रोक के प्रावधान भी शामिल होंगे। विजय शर्मा ने कहा, "हमने अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन किया है और इस ड्राफ्ट को तैयार किया है। चंगाई सभाओं जैसे आयोजन, जो लोगों को भ्रमित करने के लिए किए जाते हैं, को रोकना जरूरी है।"

**धर्मांतरण के आरोप और विवाद:** छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के मामले छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1968 के तहत आते हैं। इस साल 25 जुलाई को केरल की दो ननों को नारायणपुर जिले की तीन महिलाओं की कथित तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सामाजिक टकराव और प्रभाव जनवरी 2023 में नारायणपुर के एक चर्च में तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला हुआ था। इसके बाद 100 से अधिक ईसाई धर्म अपनाने वालों को उनके गांवों से बाहर कर स्टेडियम में रहना पड़ा। बस्तर क्षेत्र में ईसाई आदिवासी और दलित अपने मृतकों को गांव के कब्रिस्तानों में दफनाने पर प्रतिबंध का सामना कर रहे हैं। इस साल जनवरी में रमेश बघेल ने अपने पिता, जो पादरी थे, को बस्तर जिले के छिंदवाड़ा में दफनाने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका खारिज हुई, लेकिन अदालत ने छत्तीसगढ़ सरकार को राज्यभर में ईसाइयों के लिए विशेष कब्रिस्तान स्थलों का सीमांकन करने का निर्देश दिया।

## सम्पादकीय

# भारत-अमेरिका संबंधों में नई दिशा: गोर के आगमन से उम्मीदें और चुनौतियाँ

अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के विशेष दूत सर्जियो गोर के आगमन ने भारत-अमेरिका संबंधों में नई उम्मीदें पैदा कर दी हैं। अपने पहले ही दिन गोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की। यह संकेत है कि वाशिंगटन भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने और रणनीतिक साझेदारी को गति देने के लिए गंभीर है। हालांकि दोनों देशों के बीच मित्रता और संवाद का माहौल है, लेकिन व्यापारिक मतभेद और आर्थिक नीतियों के कारण तनाव भी मौजूद है। ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत भारत पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ ने व्यापारिक समझौतों को जटिल बना दिया है। भारत की अपनी नीतियां, जैसे रूस से तेल खरीद, अमेरिका की नजर में असंतुलित प्रतीत होती हैं। गोर के सामने यह चुनौती है कि वे इन मतभेदों को संतुलित करते हुए व्यापारिक सहयोग को पुनर्जीवित करें, और दोनों देशों के आर्थिक हितों का संतुलन बनाए रखें। भारत रक्षा और नवाचार क्षेत्र में तकनीकी सहयोग चाहता है, जबकि अमेरिका अपनी सुरक्षा और बौद्धिक संपदा की चिंताओं को लेकर सतर्क है। सेमीकंडक्टर, एआई और डेटा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसर हैं, लेकिन नीतिगत स्पष्टता की कमी दोनों पक्षों को सतर्क रखती है। कोमकासा और बीईसीए जैसे समझौते पहले ही सामरिक सहयोग का मजबूत आधार बना चुके हैं। गोर के लिए चुनौती यह है कि वे अमेरिका की रणनीतिक अपेक्षाओं और भारत की रक्षा स्वायत्तता के बीच संतुलन बनाएं।गोर की जिम्मेदारी सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के प्रति अमेरिकी रुख और इस्लामाबाद से संपर्क नई दिल्ली के लिए संवेदनशील मुद्दा है। गोर को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत-पाकिस्तान पर अमेरिकी दृष्टिकोण केवल रणनीतिक गणित का हिस्सा है, नीति में परिवर्तन का संकेत नहीं। इस क्षेत्रीय संतुलन को बनाए रखना गोर की सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा होगी। गोर का सीधे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच होना उनके लिए एक बड़ा लाभ और चुनौती दोनों है। यदि वे व्यक्तिगत सद्भावना को ठोस नीतिगत परिणामों में बदलने में सफल होते हैं, तो यह न केवल भारत-अमेरिका संबंधों को पुनर्जीवित करेगा, बल्कि नई ऊंचाई भी देगा। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में चीन की आक्रामकता, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव के दौर में भारत-अमेरिका साझेदारी स्थिरता और सुरक्षा की गारंटी बनती है। गोर के आगमन से यह उम्मीद है कि संवाद की गति बढ़ेगी, व्यापार और रक्षा सहयोग में प्रगति होगी, और असहमति के बावजूद साझेदारी का दायरा विस्तृत होगा।

# लोहागल में बनेगा 100 बेड का महिला छात्रावास, बढ़ेगी कामकाजी महिलाओं की सुविधा



**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोहागल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा स्वीकृत 100 बेड के कामकाजी महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम है। सरकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। देवनानी ने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है और रोजगार के अवसरों के चलते उन्हें कई बार दूसरे शहरों में रहना पड़ता है। ऐसे में सुरक्षित आवास, भोजन और पुस्तकालय जैसी सुविधाओं की आवश्यकता होती है। 618 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह छात्रावास कामकाजी महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सुलभ आवास सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संभागीय मुख्यालयों पर ऐसे छात्रावास बनाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत अजमेर से की गई है। विभागीय अधिकारियों को उन्होंने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा अगले वर्ष नवरात्रि तक लोकार्पण का लक्ष्य रखा।देवनानी ने कहा कि लोहागल क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जारी हैं, जिनमें सड़क, पेयजल, बिजली और रोजगार से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में रिजर्वायर टैंक और साइंस पार्क जैसी योजनाएं भी क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जय प्रकाश, स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# राजकीय संग्रहालय में सजेगा सिंधु सभ्यता का गौरवशाली अतीत





**अजमेर।** राजकीय संग्रहालय अजमेर में बुधवार को मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी तथा उप मुख्यमंत्री एवं कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी ने किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि संग्रहालय किसी भी समाज की धरोहर होता है। यह प्राचीन सभ्यता, जीवनशैली, कला, युद्ध कौशल और चिंतन को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाता है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के अंतर्गत 5 करोड़ रुपये संग्रहालय विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने हेरिटेज लाइब्रेरी के नवीनीकरण और पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए बजट प्रावधान का भी उल्लेख किया। स्थानीय कामगारों की हस्तनिर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए संग्रहालय में एक सुविनियर शॉप स्थापित की जाएगी, जिससे वोकल फॉर लोकल की भावना को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगामी समय में घूमर उत्सव और संग्रहालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की भी बात कही। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजकीय संग्रहालय का उन्नयन अजमेर की ऐतिहासिक पहचान को नई दिशा देगा। संग्रहालय में सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियां और हजारों वर्षों की मानव सभ्यता से जुड़ी मूर्तियां हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। सिंधु दर्शन दीर्घा पर्यटकों को विश्व की प्राचीनतम सभ्यता का सजीव अनुभव कराएगी। वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर पर्यटन की दृष्टि से राज्य का हृदय है, जहां धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ-साथ पर्यावरणीय पर्यटन की भी असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने लेपर्ड सफारी, वरुण सागर का सौंदर्यीकरण, साइंस पार्क और अन्य परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिससे पर्यटकों को नए विकल्प मिलेंगे और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेन्द्र, उपनिदेशक कृष्णकान्ता शर्मा, वृत्त अधीक्षक नीरज कुमार त्रिपाठी, केन्द्रीय संग्रहालय जयपुर के अधीक्षक महेन्द्र कुमार निम्हल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# भागीरथ चौधरी ने गांधी-शास्त्री विचारों को जीवन में उतारने का किया आग्रह









**अजमेर।** महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर गांधी भवन, अजमेर में जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान एवं पुष्पांजलि संगोष्ठी कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने सहभागिता करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता को जीवन का आधार बनाकर पूरे विश्व को मार्गदर्शन दिया। उनका "स्वच्छता को जनआंदोलन" बनाने का संकल्प आज भी प्रासंगिक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान ने इसे घर-घर तक पहुँचाया है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री का "जय जवान, जय किसान" का मंत्र सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता है। आज जब भारत आत्मनिर्भरता और कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब शास्त्री के विचार और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्वदेशी उत्पादों और खादी वस्त्रों को अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि खादी वस्त्र केवल परिधान नहीं, बल्कि स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक हैं। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय शतरंज मुकाबले में आज़माएंगे दांव अजमेर के खिलाड़ी

**किशनगढ़।** शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता के लिए अजमेर जिले की टीम को किस्तूरचन्द घनश्याम अग्रवाल केंद्रीय बस स्टैंड (पुराना बस स्टैंड) से सोमवार सुबह रवाना किया गया। मालियों की ढाणी, गाँधीनगर स्थित आर. डी. के. एल. सीनियर सैकण्डरी स्कूल में 69वीं राज्य स्तरीय 17/19 वर्ष छात्र/छात्रा शतरंज प्रतियोगिता का चार दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के पश्चात् बिरदीचन्द मालाकार ने अजमेर जिले की टीम को पुराना बस स्टैंड से रवाना किया। टीम में शामिल 20 खिलाड़ी एवं चार अधिकारीगण को शिविराधिपति एवं प्रधानाचार्य के द्वारा नवजीवन अकेडमी, सीकर में होने वाली राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 30 सितंबर से 8 अक्टूबर तक सीकर में आयोजित होगी। इस अवसर पर बिरदीचन्द मालाकार द्वारा सभी खिलाड़ियों का मुँह मीठा कर प्रतियोगिता में सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी गई। चयनित खिलाड़ी, अभिभावक एवं प्रशिक्षक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



**अजमेर जिले की टीम राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किस्तूरचन्द घनश्याम अग्रवाल केंद्रीय बस स्टैंड से रवाना होती हुई।**

# सेवा पखवाड़ा बना आत्मनिर्भरता का प्रतीक, दिव्यांगों को मिली सहायता

## देवनानी बोले-सेवा ही सबसे बड़ा धर्म



**अजमेर।** दिव्यांगों का सहारा बने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन को स्कूटी एवं सुनने में सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भरता और नई आशा की राह दिखाई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में मूक-बधिर विद्यालय में दिव्यांगजन को स्कूटी एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। वासुदेव देवनानी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह आयोजन केवल उपकरण वितरण भर नहीं है बल्कि यह दिव्यांगजनों के सपनों को पंख देने का प्रयास है। जीवन एक रणभूमि है। इसमें सभी को संघर्ष कर आगे बढ़ना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द देकर इन बच्चों की दिव्यता को सम्मान दिया है। सेवा ही सच्चा धर्म है। महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा पखवाड़े के दौरान अनेक सेवा गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी सेवा भाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। कान की मशीन की सहायता से बच्चे पक्षियों की चहक, माँ की लोरी और मित्रों की ठिठोली सुन सकेंगे। यह उपकरण उनके जीवन में आशा की नई किरण जगाएँगे। लोकोमोटिव डिसऑर्डर से पीड़ित लाभार्थियों को स्कूटी उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया जा रहा है। स्कूटी से दिव्यांगजन को आजीविका में सहायता मिलेगी और गति मिलेगी। शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका इन्हें नए जीवन की राह दिखाने में निर्णायक सिद्ध होगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जयप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़े के तहत वंचितों की सहायता कर देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मूक-बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में 150 एवं मां माधुरी बृजवासी मूक-बधिर आवासीय विद्यालय कोटड़ा में 75 मूक-बधिर विद्यार्थियों को कान की मशीनें और 40 दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री दिव्यांग योजना के अंतर्गत उपकरण प्रदान किए गए।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

# परंपरा, संस्कृति और एकता का संगम बने मेले : भागीरथ चौधरी

**मेले न केवल मनोरंजन के केंद्र हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और लोक जीवन की आत्मा का प्रतीक भी हैं।**







**बांदनवाड़ा (अजमेर)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी मंगलवार को संसदीय क्षेत्र के ग्राम बांदनवाड़ा में चल रहे पांच दिवसीय भगवान सत्यनारायण मेले में पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात की और कबड्डी व दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। भागीरथ चौधरी ने मेले में लगे झूलों और पारंपरिक खेलों का आनंद लेते हुए कहा कि मेले केवल आयोजन नहीं, बल्कि लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था के जीवंत प्रतीक हैं। ये समाज में एकता, भाईचारे और उत्सव की भावना को सशक्त करते हैं। उन्होंने भगवान सत्यनारायण के दर्शन कर देशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, मंदिर मेला समिति, खेल प्रेमी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दशहरा मेला कमेटी ने आयोजित किया विशाल रक्तदान शिविर, 263 यूनिट रक्तदान



**किशनगढ़।** दशहरा मेला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को अग्रसेन भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 263 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कैलाश हेडा, शेषकरण हेडा, गोपाल हेडा, प्रदीप हेडा, भरत सर्राफ, विष्णु हेडा तथा एचडीएफसी बैंक के मैनेजर आशीष रावत और आशीष जोशी के साथ कमेटी के संयोजक प्रदीप अग्रवाल और अध्यक्ष रमेश चांडक ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल प्रधान, जितेंद्र मारोठिया, अमित अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सत्य स्वरूप अग्रवाल, भागचंद गुर्जर, अनिल लड्ढा, राजकुमार शर्मा, रामेश्वर सोलंकी, अशोक गोयल, राधेश्याम गर्ग, विजय अग्रवाल, मनोज सोनी, जयेश कामदार और धर्मी चंद गोयल ने माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर गुरचरण हेड़ा, बसंतीलाल सोमानी, अनुराग मोरकिया, संदीप झंवर और बालमुकुंद कावरा भी उपस्थित थे।

# श्रद्धा और आस्था के माहौल में सच्चिदानंद महाराज का किशनगढ़ आगमन

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने किया स्वागत, मंदिर निर्माण को बताया जनभावना का केंद्र





**किशनगढ़।** कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सच्चिदानंद महाराज शुक्रवार को किशनगढ़ पहुंचे। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी और भाजपा नेता सूर्य प्रकाश शर्मा ने शॉल, माला और साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सच्चिदानंद महाराज किशनगढ़ पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के साथ मंदिर को लेकर विस्तृत चर्चा की और जल्द मंदिर बनने पर जोर दिया। सच्चिदानंद महाराज पूरे भारत में घूम रहे हैं और मथुरा में कृष्ण मंदिर के लिए संगठन का विस्तार कर रहे हैं। महाराज का स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय कैलाश रावत, नंदकिशोर वैष्णव, गजेंद्र साहू, जीतू जोशी, अभिषेक छिपा, राकेश यादव, धनश्याम सिंह, साहिल अग्रवाल, मनीष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# युवा शक्ति के संकल्प से साकार होगा विकसित भारत का स्वप्न

## उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा-युवाओं की भागीदारी और प्रतिबद्धता से ही देश का विकास संभव



**अजमेर।**भारतीय जनता पार्टी शहर इकाई द्वारा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शनिवार को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन गुजराती उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। डॉ. बैरवा ने चित्रकला प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं में राष्ट्र निर्माण, नवाचार और तकनीकी विकास के प्रति रुचि जागृत करने का एक रचनात्मक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हमें यह जानने का अवसर मिलता है कि देश का युवा 2047 में किस प्रकार का भारत देखना चाहता है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन्हीं युवाओं के सपनों का भारत विकसित भारत के रूप में साकार होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों को अपनी सोच और दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करने का अवसर देती हैं। शिक्षा के साथ कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के अवसर मिलें, यही वास्तविक आत्मनिर्भर भारत की दिशा है। डॉ. बैरवा ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही अपने आप में एक उपलब्धि है। जो विजेता नहीं बन पाए, उन्हें निराश नहीं होकर निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने चित्रकला के माध्यम से अपने विचारों को रंगों में ढालने वाले सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में सायरा बानो को प्रथम स्थान, खुशी चौहान को द्वितीय स्थान तथा वंशिका बाकलीवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उपमुख्यमंत्री ने विजेताओं को दुपट्टा, प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता अजमेर शहर के सभी 13 मंडलों में आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत 100 से अधिक विद्यालयों और महाविद्यालयों में यह प्रतियोगिताएँ करवाई जाएंगी। इनमें युवाओं ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और स्वदेशी जैसे विषयों पर अपनी परिकल्पनाओं को रंगों में उकेरा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है, जिसे कर्म से सिद्ध करना होगा।कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक रचित कच्छावा ने किया। इस अवसर पर उपमहापौर नीरज जैन, सहसंयोजक संतोष मौर्य, ट्रस्टी चंद्रकांत पटेल, कन्हैयालाल शर्मा, नितिन मेहता, राजेश अंबानी, प्रकाश जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वेट लिफ्टिंग में उभरी नई प्रतिभाएं, खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अजमेर।** चंद्रवरदाई नगर स्थित नेशनल फिटनेस सेंटर के पास रविवार को आयोजित 15वीं यूथ, 36वीं जूनियर एवं सीनियर जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025 में जिलेभर से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और ताकत का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ओमप्रकाश भड़ाना ने कहा कि खेल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं। बढ़ाने के साथ-साथ ये अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास भी करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवा खेलों के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकें। प्रतियोगिता के दौरान जिला वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष राजीव गोयल और सचिव अजय कुमार वैष्णव उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे के मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों की सराहना प्राप्त की। आयोजन समिति की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शशि मोहन पाटवा, भंवर चोपड़ा, आकाश सहित जिले के अनेक खेलप्रेमी, प्रशिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में बही काव्य की रसधार

## दशहरा मेला कमेटी के शानदार आयोजन में कवियों ने बिखेरा शब्दों का जादू, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध





किशनगढ़। दशहरा मेला कमेटी संस्था के तत्वावधान में चल रही साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व खेलकूद श्रृंखला के अंतर्गत रविन्द्र रंगमंच पर अखिल भारतीय विराट काव्य कलश संध्या व किशनगढ़ रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कवियत्री अनु सपन ने नमामि मां शारदे सरस्वती वंदना से की। हास्य रस के कवि राजेश लोटपोट (झालावाड़) ने व्यंग्य हास्य रूपी फुलझड़ियां बिखेरकर श्रोताओं को खूब हंसाया। कवियत्री योगिता चौहान (एटा-यूपी) ने श्रृंगार रस से भरी रचना प्रस्तुत की और गौ रक्षा पर कविता सुनाकर वाहवाही लूटी। लाफ्टर फेम प्रताप फौजदार (दिल्ली) ने सरदार और अंग्रेज के बीच नोंक-झोंक हास्य रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। वीर रस कवि अशोक चारण (जयपुर) ने सीमा पर तैनात सिपाही के तिरंगे के प्रति भाव और निंबार्क तीर्थ की श्रद्धा का परिचय देते हुए तालियां बटोरी। हास्य रस के कवि राजेश अग्रवाल (दिल्ली) ने जीवन में खुशियों की आवश्यकता पर गीत प्रस्तुत किया। अर्द्धरात्रि के बाद कवियत्री अनु सपन ने मुक्तक शैली में श्रृंगार रस की रचना सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। हास्य, व्यंग्य के कवि सुरेंद्र सार्थक (डीग) ने बीबी, नौकर और महंगाई के माध्यम से हंसी-खुशी का वातावरण बनाया। वीर रस कवि संजय गुप्ता ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित कविताएं सुनाकर कार्यक्रम को रोमांचित किया। कवि सम्मेलन का संचालन राजेश चेतन ने किया और भोर होने पर इसका विधिवत समापन हुआ।

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें। 9269214000**

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस: सकारात्मक सोच से बदलें समाज की तस्वीर - मेघा रतन







**अजमेर।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय केन्द्रीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरानी मंडी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला अधिकारिता की उप निदेशक मेघा रतन ने की। उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं और उपस्थित संभागणों से कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य यह है कि बालिकाओं में सोच विकसित हो और वे अपनी सकारात्मक सोच से परिवार, समाज और देश के उत्थान में व्यापक बदलाव ला सकें। मेघा रतन ने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम बालिकाओं के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार करें ताकि उनमें सोचने और समझने की शक्ति आए और वे अपने उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि यह दिवस महिला अधिकारिता विभाग द्वारा "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना की सोच पर आधारित है। सरकार बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध है और समाज के सभी लोग बालिकाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार करें। केवल तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी।मेघा रतन ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर विभाग के पर्यवेक्षकों द्वारा राजकीय विद्यालयों में आयोजित किया गया। इसमें "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" विषय पर पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता, खेलकूद, गुड टच-बैड टच और लाडो प्रोत्साहन योजना पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 21 बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिला हब और पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की टीम ने भी सहभागिता की। विद्यालय की प्रधानाचार्य विजय लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि प्रत्येक बालिका के शैक्षणिक उन्नयन पर पूर्ण ध्यान दिया जाए और उन्हें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया।

## अजमेर के जेएलएन अस्पताल का होगा कायाकल्प, 240 करोड़ रुपये से नए ब्लॉक का निर्माण



**अजमेर।** अजमेर के चिकित्सा इतिहास की सबसे बड़ी खबर है। आजादी के बाद पहली बार जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के विकास के लिए 191 करोड़ रूपए की मंजूरी मिली है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भारत लौटते ही अजमेरवासियों को यह दीपावली गिफ्ट दिया। इस राशि से अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, अस्पताल को 50 करोड़ रूपए जीर्णोद्धार के लिए पहले ही मिल चुके हैं। इस तरह कुल 240 करोड़ रूपए से जेएलएन अस्पताल का विकास होगा। सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक की छत पर आपातकालीन मेडिकल सुविधा के लिए हेलीपैड भी बनाया जाएगा। पहले चरण में यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी विभाग स्थापित होंगे। अगले चरण में एंडोक्रिनोलॉजी, ओन्कोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी सहित अन्य विभाग बनेंगे। भवन पूरी तरह एयर कंडीशनर होगा। भूतल पर रिसेप्शन, ओपीडी और जांच केन्द्र बनाए जाएंगे। ऊपरी मंजिलों पर आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अनिल सामरिया ने बताया कि बजट घोषणा के अनुपालन में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के लिए योजना तैयार कर विभाग को भेजी गई थी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशानुसार अब इसे पूरी तरह मंजूरी मिल गई है। पहले चरण के लिए 65 करोड़, दूसरे चरण के लिए 64 करोड़ और तीसरे चरण के लिए 62 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं। राज्य सरकार ने 50 करोड़ रूपए की राशि अस्पताल के जीर्णोद्धार के लिए जारी की है। इस राशि से आंख, कान, नाक व गला और चेहरे से संबंधित सभी रोगों के लिए ब्लॉक तथा जीर्णोद्धार से जुड़े अन्य कामकाज कराए जाएंगे। आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब अजमेर के जेएलएन अस्पताल के विकास के लिए इतनी बड़ी धनराशि स्वीकृत हुई है। अब अजमेर संभाग के मरीजों को सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए दिल्ली या जयपुर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रतिदिन अस्पताल में हजारों मरीज चिकित्सा के लिए आते हैं, जिनमें सैकड़ों गंभीर श्रेणी के मरीज शामिल हैं।

# दिशा बैठक में योजनाओं की समीक्षा

## भागीरथ चौधरी ने दिए स्पष्टता और गुणवत्ता के निर्देश







**अजमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजीव गांधी विद्या सभागार भवन (रीट कार्यालय), अजमेर में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विधायकगण, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, केंद्रीय और राज्य योजनाओं के नोडल अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भागीरथ चौधरी ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित की जाए, विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का लक्ष्य "विकसित भारत 2047" का सपना साकार करना है। इस दिशा में अजमेर जिला जनसहभागिता और नवाचारपूर्ण कार्यशैली के माध्यम से विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि दिशा समिति का उद्देश्य विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग और समन्वय के माध्यम से संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, कृषि, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मुद्दे और सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अंत में भागीरथ चौधरी ने कहा कि सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करें, ताकि अजमेर जिला विकास के हर सूचकांक पर अग्रणी बन सके और केंद्र सरकार की योजनाएँ "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना को साकार कर सकें।

# अजमेर देहात कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मंथन तेज, कार्यकर्ताओं में जोश






**किशनगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अजमेर देहात के जिला अध्यक्ष के लिए हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर को कार्यकर्ताओं की राय जानने के लिए भेजा है। इस संबंध में अजमेर जिला देहात कांग्रेस कमेटी की बैठक किशनगढ़ में आयोजित हुई। केंद्रीय पर्यवेक्षक अशोक तंवर ने बैठक में कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली और प्रेस वार्ता में अनेक मुद्दों पर विचार साझा किए। देहात कांग्रेस कमेटी की इस बैठक में विधायक विकास चौधरी, पूर्व मंत्री रघु शर्मा, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने मार्बल एसोसिएशन सभागार में देहात क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों से मुलाकात कर नए जिला अध्यक्ष और संगठन को मजबूत करने को लेकर रायशुमारी की। इसके बाद कांग्रेस के केंद्रीय दल ने होटल रॉयल हेरिटेज में देहात क्षेत्र के वकीलों और बुद्धिजीवियों से सुझाव मांगे। वकीलों ने कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और नए नेतृत्व को लेकर अपनी राय दी। केंद्रीय दल ने सुरसुरा में तेजाजी मंदिर और सलेमाबाद में श्री जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम में अशोक तंवर, करणपुर विधायक रूपेंद्र पाल सिंह कुन्नर, नीमकाथाना के पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, विधायक विकास चौधरी, पूर्व मंत्री रघु शर्मा, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर, विधायक महेंद्र गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, सत्यनारायण बटेश्वर सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भारत विकास परिषद ने आयोजित किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम, 350 छात्र हुए शामिल





**किशनगढ़।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा मदनगंज किशनगढ़ द्वारा 11 अक्टूबर 2025, शनिवार को संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के 23वें सोपान का आयोजन प्राइवेट विद्यालय, रामनेर रोड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं माँ भारती के चित्रपट्ट पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके परिषद सदस्यों और अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदेमातरम समवेत स्वर में परिषद सदस्य, गुरुजन और छात्र-छात्राओं ने गाया। मंच संचालन और परिषद सदस्यों का परिचय गिरधारी अमरवानी ने कराया। उपस्थित सभी 15 अध्यापक-अध्यापिकाओं का उपर्णा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। परिषद अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय दिया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन और योग के विषय में प्रभु दयाल कुमावत ने जानकारी साझा की। स्कूल के शिक्षकों का उनके श्रेष्ठ परिणामों के आधार पर सम्मान किया गया। प्रियंका प्रजापति और शोएब को परिषद परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र, शिक्षाप्रद साहित्य, श्रीफल और उपर्णा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।छात्र-छात्राओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले सीमा प्रजापत, मुजीद अली, आर्यन प्रजापत, अलविरा खान, मानसी साहू, नजमुन, राहुल प्रजापत और अभिषेक यादव को प्रशस्ति पत्र और साहित्य देकर सम्मानित किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीता साहू को श्रेष्ठ कार्य हेतु सम्मानित किया गया। शाला सचिव परवेज चौहान और प्रधानाचार्या मति कौशल्या टाक ने परिषद का आभार व्यक्त किया। परिषद अध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने स्कूल प्रधानाचार्य और सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सुन्दर व्यवस्था हेतु धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। साथ ही मार्बल सिटी हॉस्पिटल में सर्वाइकल कैंसर का टीका 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को निशुल्क लगाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में 350 विद्यार्थी और 15 गुरुजन उपस्थित रहे। पदम जैन द्वारा उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं और बालक- बालिकाओं को स्वच्छ भारत की शपथ दिलवाई गई। परिषद के मनीष शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुआ।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया।
- सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी